पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने जारी किये अब तक सम्पन्न दीक्षांत समारोह के आंकड़े
प्रदेश की उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी - राज्यपाल

लखनऊः 19 सितम्बर, 2018

उत्तर प्रदेश के 28 विश्वविद्यालयों में से इस शैक्षिक सत्र में 26 विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोह 84 दिनों में होना निर्धारित है जिसके सापेक्ष अब तक 11 विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोह सम्पन्न हो चुके हैं। राज्यपाल ने बताया कि यह प्रथम अवसर है कि 18 सितम्बर 2018 को दो विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोह एक ही दिन में सम्पन्न हुये, जो अलग-अलग मण्डलों में स्थित है। उन्होंने कहा कि सम्पन्न हुये दीक्षांत समारोह से एक चित्र उभर कर आया है कि प्रदेश की उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी गत वर्ष की अपेक्षा 4 प्रतिशत बढ़ी है जो महिला सशक्तीकरण का शुभ संकेत है।

राज्यपाल ने अब तक सम्पन्न हुये दीक्षांत समारोह के आंकड़े प्रस्तुत करते हुये बताया कि 11 राज्य विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोह में कुल 5,37,786 उपाधियाँ वितरित की गयी हैं जिनमें 2,39,784 छात्र और 2,98,002 छात्राएं हैं, अर्थात् 55 प्रतिशत उपाधियाँ छात्राओं को तथा 45 प्रतिशत उपाधियाँ छात्रों को मिली हैं। इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये कुल 451 पदक दिये गये, जिनमें 179 छात्र और 272 छात्राएं हैं, अर्थात 60 प्रतिशत पदक छात्राओं ने तथा 40 प्रतिशत पदक छात्रों ने अर्जित किये हैं।

शैक्षिक वर्ष 2018-19 में सम्पन्न हुये दीक्षांत समारोह हैं, (1) 24 अगस्त 2018 को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर, (2) 30 अगस्त 2018 को ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती उर्दू, अरबी-फारसी विश्वविद्यालय लखनऊ, (3) 31 अगस्त 2018 को उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा, (4) 01 सितम्बर 2018 को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ, (5) 04 सितम्बर 2018 को महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, (6) 06 सितम्बर 2018 को नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फैजाबाद, (7) 11 सितम्बर 2018 को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, (8) 13 सितम्बर 2018 को सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ, (9) 15 सितम्बर 2018 को डाॅ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय फैजाबाद, (10) 18 सितम्बर 2018 को उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय इलाहाबाद, (11) 18 सितम्बर 2018 को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी।

इस सत्र में अब 15 विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोह होने शेष है। अंतिम दीक्षांत समारोह 15 नवम्बर, 2018 को सम्पन्न होगा। इस प्रकार 24 अगस्त, 2018 से प्रारम्भ हुआ दीक्षांत समारोह का क्रम 84 दिवसों में पूर्ण हो जायेगा, जो अपने आप में कीर्तिमान है। गत वर्ष सम्पन्न हुये दीक्षांत समारोह में कुल 15.60 लाख उपाधियाँ वितरित की गई थी जिनमें 51 प्रतिशत उपाधियाँ छात्राओं को तथा 49 प्रतिशत छात्रों को प्राप्त हुई थीं। इसके

साथ ही 66 प्रतिशत पदक छात्राओं ने तथा 44 प्रतिशत पदक छात्रों ने अर्जित किये थे। गत वर्ष की तुलना में छात्राओं को प्राप्त उपाधि में 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है कि महिलाओं की भागीदारी उच्च शिक्षा में बढ़ी है। गत वर्ष की तुलना में छात्राओं को प्राप्त पदकों के प्रतिशत में कमी अवश्य प्रतीत हो रही है परन्तु अब तक सम्पन्न दीक्षांत समारोह में 2 कृषि विश्वविद्यालय, 1 उर्दू विश्वविद्यालय एवं 1 पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय सम्मिलित है जिनमें अब तक छात्राओं का रूझान कम होने के कारण प्रतिनिधित्व अत्यधिक कम है। उन्होंने कहा कि शेष 15 विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोह में गत वर्ष छात्राओं द्वारा किये गये प्रदर्शन के आलोक में मुझे पूर्ण विश्वास है कि छात्राओं के पदक प्रतिशत में वृद्धि होगी।

अंजुम/ललित/राजभवन (365/31)